हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



## खबर संक्षेप

### ग्रीष्म ऋतु में लू एवं तापघात से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी

**कोरबा।** शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा कलेक्टर द्वारा वर्ष 2026 की ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए लू (हीट वेव) से बचाव और तैयारी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार इन उपायों का मुख्य लक्ष्य भीषण गर्मी के दुष्प्रभावों से आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। निर्देशों के अनुसार राज्य, जिला, तहसील और विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करेंगे और आवश्यक चेतावनी एवं सूचना प्रसारित करेंगे। लू से बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार रेडियो, टेलीविजन, व्हाट्सएप सहित स्थानीय भाषा के पोस्टर एवं पैम्पलेट के माध्यम से किया जाएगा। गर्मी की तीव्रता को देखते हुए विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं मनरेगा श्रमिकों के कार्य समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। तापघात के लक्षणों में तेज सिरदर्द, सिर में भारीपन, तेज बुखार, मुंह का सूखना, शरीर का तापमान बढ़ने पर भी पसीना न आना, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी, शरीर में दर्द, अत्यधिक प्यास लगना और पेशाब कम होना प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के लिए टास्क फोर्स गठित

**कोरबा।** ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के संचालन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अभियान के तहत प्राचीन पाण्डुलिपियों की पहचान और उनके दस्तावेजीकरण के लिए अनुभाग स्तर पर टास्क फोर्स एवं समितियों का गठन किया गया है। अपर कलेक्टर कटघोरा द्वारा जारी आदेशानुसार, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में गठित इस समिति में सम्बंधित तहसीलदार सचिव सदस्य एवं सम्बंधित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जनपद एवं नगरीय निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही स्थानीय जानकारों, समाजसेवियों पत्रकारों, सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों को भी सदस्य बनाया गया है। यह समिति अनुविभाग स्तरीय बैठक व गतिविधियां, पांडुलिपि का चिन्हांकन व सर्वेक्षण हेतु सर्वेक्षकों के प्रशिक्षण सुनिश्चित करेगी एवं पाण्डुलिपियों के चिन्हांकन की निगरानी करेगी।

### ढुरेना में तालाब का होगा सौंदर्यीकरण, हुआ भूमिपूजन

हरदीबाजार। ग्राम पंचायत ढुरेना में सीएसआर मद से लगभग 44 लाख रुपये की लागत से बनने वाले तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने किया। यह परियोजना न केवल ग्राम के प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाएगी, बल्कि जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच श्रीमती सुभद्रा कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। तालाब का सौंदर्यीकरण पूर्ण होने के बाद यह क्षेत्र ग्रामीणों के लिए एक आकर्षक स्थल बनेगा, साथ ही जल स्तर को बनाए रखने और आसपास के पर्यावरण को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह कार्य ग्राम के समग्र विकास और स्वच्छ, सुंदर एवं समृद्ध गांव की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

### पम्प हाउस कॉलोनी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत पंप हाउस कॉलोनी एसईसीएल के पानी टंकी क्षेत्र में 27 अप्रैल को निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें चेस्ट एक्स-रे सहित विभिन्न प्रकार का परीक्षण फ्री किया जाएगा। इसके साथ ही लोगों को दवाई दी जाएगी। इसे एक्सप्रेस हेल्थ चेकअप कैंप का नाम दिया गया है। क्षेत्र के पार्षद रामकुमार साहू ने बताया कि सुबह 9 से यह कैंप प्रारंभ होगा और दोपहर 2 बजे तक चलेगा। अधिकतम लोगों से अपील की गई है कि वह यहां पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ प्राप्त करें।

# औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं पावर प्लांट सुरक्षा मानकों का कड़ाई से करना होगा पालन

## जिले के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं पावर प्लांट की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**
- सभी आवश्यक उपकरणों एवं मशीनों की उपलब्धता व सुचारू संचालन का रखें ध्यान



कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों की बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर ओंकार यादव ने सक्ती जिले के ग्राम सिंघीतरई में हुई दुर्घटना के मद्देनज़र सभी प्रतिष्ठानों को सतर्क रहने तथा औद्योगिक एवं पावर प्लांट सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोरबा एक औद्योगिक जिला है, यहाँ सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए सुरक्षा नियमों के प्रति कठोरता आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों की सुरक्षा हेतु निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सभी आवश्यक उपकरण एवं मशीनें उपलब्ध और सुचारू रूप से कार्यरत होनी चाहिए। भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो, इसके लिए सभी उद्योग आवश्यक सावधानियाँ एवं सुरक्षा व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों और पावर प्लांट में सुरक्षा संबंधी जो भी कमियाँ हैं, उन्हें तुरंत सुधारें। उन्होंने अग्निशामक यंत्र, फायर अलार्म, मशीनों का उचित संचालन, उपकरणों का रखरखाव, बॉयलर, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा मापदंड तथा कचरा प्रबंधन आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने दुर्घटना की स्थिति में रेड, ग्रीन और येलो जोन निर्धारित करने का सुझाव दिया। साथ ही आपात स्थिति के दौरान संपर्क किए जाने वाले अधिकारियों, अस्पताल तथा अन्य आवश्यक नंबरों को कार्यस्थल पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं पावर प्लांट में तकनीकी प्रक्रियाओं एवं कार्यों का सतत निरीक्षण अनिवार्य है। वायु प्रदूषणकारी उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण हेतु एएसपी, डस्ट कलेक्शन सिस्टम, फिल्टर, जल छिड़काव व्यवस्था होनी चाहिए। अपर कलेक्टर ने बताया कि कलेक्टर ने वाहन चालकों सहित अन्य जिम्मेदारी निभाने वाले कर्मचारियों की आँखों की जाँच कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।

## जितनी जमीन उतनी ही मिलेगी खाद

# अब निजी दुकानों से भी खाद लेने के लिए किसानों को टोकन की पड़ेगी जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सहकारी समितियों की तर्ज पर अब किसानों को किसी निजी दुकानों से भी मनमानी तरीके से खाद नहीं मिल पाएगी। इसके लिए मोबाइल एप से किसानों को टोकन लेना होगा। उक्त आधार पर निजी दुकानदार खाद दे सकेंगे और जितनी जमीन किसानों की होगी उस आधार ही खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

**खास बात**
- सहकारी समिति की तरह निजी दुकानों में भी टोकन जरूरी



फाइल फोटो

**कहां कितनी खाद**

| खाद | उरगा | कटघोरा |
|---|---|---|
| यूरिया | 365.40 | 310.50 |
| डीएपी | 16.30 | 00 |
| एमओपी | 37.50 | 30.25 |
| एसएसपी | 62.45 | 100 |
| एनपीके | 48 | 0 |
| कुल | 529.65 | 440.75 |

**नोट** : खाद भंडारण मैट्रिक टन में

**एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य**

किसानों को अब धान खरीदी की तरह एग्रीटेक पोर्टल में भी पंजीयन कराना होगा। जिन किसानों का एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन होगा उन्हें ही खाद उपलब्ध करायी जाएगी। बीते वर्ष धान खरीदी के दौरान एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन को लेकर किसानों के दस्तावेजों में सुधार नहीं होने के उनका पंजीयन नहीं हुआ। इससे कुछ किसान धान बेचने से वंचित भी हो गए थे। धान बेचने के लिए 40 हजार से अधिक किसानों ने एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन कराया था। हालांकि दस्तावेज सुधार के लिए अतिरिक्त समय दिए जाने पर 3 हजार से अधिक किसानों ने पुनः पंजीयन कराया। कुछ किसान अभी भी पंजीयन से बाहर हैं।

जिले में खरीफ फसल की तैयारी को लेकर खाद का भंडारण शुरू हो गया है। इस वर्ष खाद को लेकर किसानों को नए नियमों से गुजरना होगा। कृषि विभाग के अनुसार खाद का भंडारण किया जा रहा है। फिलहाल कटघोरा व उरगा के गोदामों में खाद का भंडारण करने के बाद सहकारी समितियों में इसका भंडारण होगा। किन्तु खाद के उठाव के लिए इस वर्ष से नई व्यवस्था लागू हो सकती है। पूर्व में सहकारी समितियों में ही टोकन के आधार पर किसानों को खाद की सुविधा मिल जाती थी। सहकारी समितियों में खाद का संकट होने पर किसान खुले बाजार में मनमाने तरीके से खाद की खरीदी करते थे। इस वर्ष खाद की आपूर्ति में गहराते संकट के मद्देनजर सरकार नई व्यवस्था लागू करने जा रही है। पिछले वर्ष से ही इसकी तैयारी कर ली गई थी। इस वर्ष इसे लागू किया जा रहा है। इन नियमों के तहत किसानों को धान खरीदी की तर्ज पर अपने मोबाइल एप पर टोकन लेना होगा। उक्त टोकन लेने के बाद ही किसानों को समितियों से खाद दी जाएगी। उतनी ही खाद किसानों को मिलेगी, जितनी उनकी जमीन है। इसी तरह अब निजी दुकान में भी खाद की खरीदी के लिए टोकन अनिवार्य कर दिया गया है। व्यवसायी अब टोकन के आधार पर ही किसानों को खाद उपलब्ध कराएंगे।

# अलग अलग सड़क हादसे में दो की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**
- कटघोरा-कसनिया व भारतमाला सड़क पर हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दुरपा रोड निवासी प्रज्वल राठौर पिता रोहित राठौर उम्र 25 वर्ष अपनी कार में सवार होकर अपने रिश्तेदार को देखने के लिए रायपुर जा रहा था कि भारतमाला मार्ग पर अचानक एक मवेशी सामने आ जाने की वजह से कार अनियंत्रित हो गया और बुरी तरह से घायल हो गया। स्थानीय राहगिरों की मदद से उसे उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी तरह दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के कटघोरा-बिलासपुर मार्ग पर कसनिया के पास घटित हुई है। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत लाटा बस्ती निवासी 22 वर्षीय प्रवेश यादव अपने दो दोस्तों के साथ पल्सर बाइक पर सवार होकर कटघोरा के आगे सुतर्रा गांव एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के बाद तीनों युवक देर शाम वापस दर्री लौट रहे थे। इसी दौरान कसनिया मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे गंभीर रुप से घायल प्रवेश यादव को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान प्रवेश यादव की मौत हो गई। दोनों ही मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# महिला के साथ मारपीट व धमकी देने वाले आरोपी को कट्टे के साथ गिफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कट्टे के साथ आरोपी।

पुलिस सहायता केंद्र जटगा क्षेत्र अंतर्गत एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि एक अधेड़ द्वारा उसे द्वारा गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी एवं मारपीट किया गया है। मामले में पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की खोजबीन की जा रही थी। जांच के दौरान आरोपी हुसैन थाना मुस्करा जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश निवासी राजेश दुबे पिता स्व देवी शरण उम्र 43 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो उसने अपना जुर्म कबूल किया। राजेश दुबे की तलाशी के दौरान पुलिस को एक देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस बरामद किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के प्रावधानों के तहत भी वैधानिक कार्यवाही की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया गया है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मलेरिया मच्छरों के काटने से होने वाला एक गंभीर रोग है, जिसके प्रमुख लक्षण कंपकपी के साथ तेज बुखार हैं। यह बीमारी विशेष रूप से

**खास बात**
- जिला मुख्यालय सहित सभी ब्लाकों में जागरुकता कार्क्रम चलाया गया

उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक पाई जाती है, लेकिन उचित सावधानियाँ अपनाकर इससे बचाव संभव है। इसी उद्देश्य से हर वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है, ताकि लोगों में इस रोग के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़े और वे स्वयं तथा अपने परिवार को सुरक्षित रख सकें। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर आज 25 अप्रैल को जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखण्डों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी लोगों को दी गई। इसके साथ ही मलेरिया संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा उपलब्धियों की समीक्षा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नागरिकों से अपील की कि मलेरिया के किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर रक्त जांच अवश्य कराएं। मलेरिया रोधी दवाएं जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें और समय पर उपचार लेकर स्वयं व अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

# शव वाहन का चालक शराब के नशे में था धुत, यातायात पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा अंबिकापुर मुख्यमार्ग में एक एंबुलेंस चालक शराब पीकर वाहन चला रहा था।

**खास बात**
- जनवरी से अब तक जिले में धारा 185 के तहत 569 प्रकरण किए गए दर्ज



शव वाहन के साथ पकड़ा गया चालक।

यातायात पुलिस ने जब उसे रोक कर उसकी जांच की तो शराब के नशे में धुत्त पाया गया। जिसपर यातायात पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस जब्त कर चालक के खिलाफ धारा 185 के तहत कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार रायपुर देवेंद्र नगर निवासी भरत शर्मा पिता विमल शर्मा मेकाहारा से अपने शव वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूआर 4506 में शव लेकर उदयपुर गया हुआ था। जहां से वापस लौटने के दौरान रविवार को वह शराब पीकर वाहन चला रहा था। इस बीच हाईवे पर जांच कर रही यातायात सउनि रामनारायण रात्रे ने उक्त शव वाहन को रोककर जब शराब मापक यंत्र से भरत की जांच की तो वह शराब के नशे में धुत्त पाया गया। जिसपर पुलिस ने धारा 185 के तहत कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में शंकर धर जायसवाल, राकेश साहू, मनोज आयाम, देवेंद्र मरावी शामिल थे। इसी तरह जिला पुलिस ने पिछले 1 जनवरी से 24 अप्रैल तक धारा 185 मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कुल 569 प्रकरणों में सख्त कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान जनसुरक्षा के प्रति गंभीर खतरा उत्पन्न करने वाले 154 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु प्रकरण संबंधित आरटीओ कार्यालय को पत्र भेजा गया है। पुलिस स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि यदि नशे की हालत में वाहन चलाते पाया गया है तो त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

### बिलासपुर से लौट रहा था परिवार, भारतमाला मार्ग पर हुआ पथराव, महिला गंभीर

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र में निवास करने वाला एक परिवार शादी समारोह में बिलासपुर गया हुआ था जहां से लौटने के दौरान पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के भारतमाला मार्ग में चलती कार पर पथराव कर दिया, जिसमें कार सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। युवती की आंख में गंभीर चोट आई है। जिसे रायपुर रेफर कर दिया गया है। तो वहीं पुलिस ने मामले में शून्य में अपराध दर्ज कर पड़ोसी जिले को मामला सुपुर्द किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक कुसमुंडा निवासी मेघा सिंह पति सुजीत सिंह व उनका परिवार कार में सवार होकर बिलासपुर से कोरबा आ रहे थे इस दौरान उन्होंने भारतमाला सड़क मार्ग से उरगा आ रहे थे इस दौरान पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के बलौदा थाना क्षेत्र में देर रात लगभग 11 बजे गाड़ी में अज्ञात युवकों द्वारा पत्थरबाजी की गई। जिससे कार के शीशे से टकराकर अंदर बैठी मेघा की आंख में जा लगी, जिससे उसे गंभीर चोट आई।

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र 139 / ब-121/2025-2026
ग्राम- सारागांव तहसील सारागांव
आवेदक श्री गौरव सिंह उम्र 21 वर्ष पिता श्री रंजीत सिंह जाति भैना निवासी ग्राम दर्री तहसील सारागांव थाना बाराद्वार जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका रीना यादव उम्र 20 वर्ष पिता श्री मनहरण यादव जाति रावत निवासी सारागांव तहसील व थाना सारागावं जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
**बनाम**
छत्तीसगढ़ शासन
**ईश्तहार**
आम जनता ग्राम सारागांव तहसील सारागांव जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गौरव सिंह उम्र 21 वर्ष पिता श्री रंजीत सिंह जाति भैना निवासी ग्राम दर्री तहसील सारागांव थाना बाराद्वार जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका रीना यादव उम्र 20 वर्ष पिता श्री मनहरण यादव जाति रावत निवासी सारागांव तहसील व थाना सारागावं जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा / आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 13.05.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 07.04.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
**संयुक्त कलेक्टर विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**जाँजगीर मार्केट**

**फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में**
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस,
राफ्टर बेड़ी दरवाजे,
चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी,
दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट,
स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर
कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

## 30 अप्रैल तक करना होगा डिजिटल स्व-गणना पत्रक

# उद्योग मंत्री व महापौर ने मोबाइल में भरा डिजिटल स्व-गणना पत्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





मोबाइल एप मं डिजिटल स्वगणना की जानकारी देते उद्योग मंत्री व मेयर।

जनगणना के अंतर्गत उद्योग व श्रम मंत्री एवं महापौर ने अपने अपने निवास पर अपने स्वयं के मोबाईल में डिजिटल स्व-गणना पत्रक भरा तथा समस्त नागरिकबंधुओं से अपील की कि 30 अप्रैल तक वे अपने मोबाईल में स्व-गणना पत्रक भर लें, 1 मई से शासन द्वारा नियुक्त व प्रशिक्षित प्रगणक घर-घर पहुंचेंगे एवं आपके द्वारा भरे हुये स्व-गणना पत्रक का परीक्षण कर वेरिफाई करेंगे एवं मकान सूचीकरण व विवरण दर्ज करेंगे।

उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 के पहले चरण में 16 से 30 अप्रैल तक डिजिटल रूप से स्व-गणना पत्रक नागरिकों के द्वारा भरा जाना है, तत्पश्चात 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण व मकानों की गणना आदि के विवरण प्रगणकों द्वारा दर्ज किये जाएंगे। इसी कड़ी में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने अपने निवास में डिजिटल रूप से अपने मोबाईल में स्व-गणना पत्रक भरा तथा डिजिटल रूप से पूछे गये प्रश्नों के सही उत्तर दर्ज किये। उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर श्रीमती राजपूत ने आमजन से अपील करते हुये कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इस जनगणना में हम सबको स्वयं डिजिटल रूप से स्व-गणना पत्रक भरने तथा डिजिटल रूप से पूछी गई जानकारी दर्ज करने की व्यवस्था भी है। उन्होंने कहा कि इसके लिये 30 अप्रैल तक का समय निर्धारित है, तत्पश्चात 1 मई से शासन द्वारा नियुक्त प्रगणक आपके पास पहुंचेंगे तथा मकान सूचीकरण, मकानों की गणना व आपके द्वारा भरे गये डिजिटल स्व-गणना पत्रक को वेरिफाई करेंगे, 1 से 30 मई तक की अवधि में प्रगणक आपके घर जाकर जानकारी अवश्य दर्ज करेंगे।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

# हरिभूमि जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 27 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



समाज को सनातन संस्कृति से जोड़ते हैं धार्मिक आयोजन : कौशल्या

4




## खबर संक्षेप

### लेखा सह एम.आई.एस. सहायक के पद पर भर्ती हेतु कौशल परीक्षा 29 को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला, जनपद पंचायत के रिक्त पद लेखा सह एम.आई. एस. सहायक का पद संख्या-01 (अन्य पिछड़ा वर्ग-मुक्त) की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया था। प्राप्त दावा-आपत्ति का चयन समिति द्वारा जांच उपरांत दावा-आपत्ति निराकरण एवं कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को सूची जारी किया गया है। जिसका कौशल परीक्षा 29 अप्रैल दोपहर 12 बजे से ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण केन्द्र (आरसेटी) जांजगीर में आयोजित किया गया। उक्त सूची जिला पंचायत-जांजगीर-चांपा के सूचना-पटल एवं जिला पंचायत के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### तार मिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार तार मिस्त्री परीक्षा माह जुलाई 2026 में लिया जाना है। उक्त परीक्षा हेतु आवेदन बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं सक्ती जिले के आवेदनकर्ता, फार्म निःशुल्क एवं संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन बिलासपुर संभाग बिलासपुर, प्रथम तल यू.डी.एम. हॉस्पिटल बिल्डिंग, होमगार्ड कैम्पस के पास कुदुदंड, बिलासपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

### जिले में ट्रैफिक सिग्नलों पर शेड निर्माण की मांग

**जांजगीर-चांपा।** भीषण गर्मी के बीच शहर के ट्रैफिक सिग्नलों पर खड़े राहगीरों और वाहन चालकों को हो रही परेशानी को लेकर जनप्रतिनिधियों ने पहल शुरू कर दी है। जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक व्यास कश्यप ने पुलिस अधीक्षक, जांजगीर-चांपा को पत्र लिखकर नगर के सभी ट्रैफिक सिग्नलों के पास शेड (छाया शेड) निर्माण कराने की मांग की है। जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान समय में अत्यधिक गर्मी पड़ रही है और कई स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल बंद रहने या लंबा इंतजार होने के कारण लोगों को तेज धूप में खड़ा रहना पड़ता है। इससे आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों द्वारा भी लंबे समय से ट्रैफिक सिग्नलों पर शेड लगाने की मांग की जा रही है, ताकि धूप और गर्मी से राहत मिल सके। विधायक ने पत्र में आग्रह किया है कि नगर के सभी प्रमुख ट्रैफिक सिग्नलों पर शीघ्र शेड निर्माण कराया जाए, जिससे लोगों को आवागमन के दौरान सुविधा मिल सके और गर्मी से बचाव हो सके। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा।

### रोगदा में जुआ खेल रहे 10 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवागढ़।** ग्राम रोगदा में जुआ खेल रहे 10 जुआरियों को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा है। जुआरियों के कब्जे से 9 हजार रुपए नगदी एवं तास पत्ती बरामद किया गया है। जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा खिलाने एवं खेलने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नवागढ़ पुलिस द्वारा ग्राम रोगदा में रेड कार्यवाही कर 10 जुआरियों को पकड़ा। पकड़े गए जुआरियों में रोगदा निवासी नकुल कश्यप उम्र 35 वर्ष, हरप्रसाद साहू उम्र 48 वर्ष, शरीफ मोहम्मद, अनीष कश्यप उम्र 24 वर्ष, चितरंजन सारवा उम्र 52 वर्ष, कलेश्वर वैष्णव उम्र 40 वर्ष, गौरी शंकर उम्र 50 वर्ष, तिरीथ राम सारवा, राम कुमार साहू उम्र 42 वर्ष, सियाराम साहू उम्र 42 वर्ष शामिल है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक कमलेश सेंडे एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

## सालभर पहले शुरू हुआ काम, अब तक नहीं हुआ लक्ष्य पूरा

# सरकारी संस्थानों में प्रीपेड मीटर लगाने में कोताही

# 13 सौ से अधिक भवन में अभी भी लगना बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सरकारी संस्थानों में प्रीपेड मीटर लगाने में कोताही बरती जा रही है। जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के 6 हजार 362 सरकारी संस्थान में प्रीपेड मीटर लगाने का टारगेट रखा गया है। अब तक करीब 4 हजार 990 स्थानों पर मीटर लगाया गया है। वहीं अभी भी 13 सौ से अधिक संस्थानों में मीटर लगाया जाना बाकी है। खास बात यह है कि साल भर पहले रखे गए लक्ष्य को अब तक पूरा नहीं किया जा सका है ।

सरकार द्वारा बिजली बिल की चोरी को रोकने और समय पर बिलिंग की मंशा से स्मार्ट मीटर लगवाए जा रहे है। सरकारी संस्थानों में स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य है। जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के 6362 सरकारी संस्थान में प्रीपेड मीटर लगाए जाने का टारगेट रखा गया है। इनमें लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत, कलेक्ट्रेट, सरकारी स्कूल, पुलिस विभाग, कृषि, जल संसाधन समेत अन्य विभाग शामिल है। निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 4 हजार 990 स्थानों में ही प्रीपेड मीटर लग पाया है वहीं अभी भी 13 सौ से अधिक संस्थानों में इस तरह का मीटर लगाया जाना बाकी है। खास बात यह है कि इसके लिए कार्य योजना पहले तैयार की जा चुकी थी वहीं मीटर लगाने का काम भी साल भर पहले शुरू हो चुका है। आंकड़ों पर नजर डाले तो जांजगीर-चांपा जिले में 3756 संस्थानों में मीटर लगाया जाना है। अब तक 3017 स्थानों पर मीटर लगाया जा चुका है। वहीं अभी 700 सौ से अधिक संस्थानों में इस तरह का मीटर लगाया जाना बाकी है। इसी प्रकार सक्ती जिले के 2 हजार 606 सरकारी संस्थानों में प्रीपेड मीटर लगाया जाना है जिसमें से 1973 में कार्य पूरा कर लिया गया है। अभी 600 से अधिक स्थानों पर मीटर लगाया जाना बाकी है।



**बढ़ती गर्मी में ट्रांसफार्मर दे रहे जवाब**-अप्रैल महीने का अंतिम पखवाड़ा प्रारंभ हो चुका है। वैशाख के इस महीने में गर्मी अपने विकराल रूप में आ गई है जिसके कारण शहर सहित ग्रामीण अंचल में लगे ट्रांसफार्मर जवाब देने लग गए हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर फेल होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी में बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जैसे तैसे दिन में काम तो चला ले रहे हैं लेकिन रात के समय में बिजली नहीं हो पाने के चलते लोगों की परेशानी और भी बढ़ जाती है।

### विभागों पर 328 करोड़ का बिल बकाया

सरकारी विभागों में बिजली की खपत तो जमकर की जाती है, लेकिन बिल जमा करने में लापरवाही बरती जाती है। यही वजह है कि सरकारी दफ्तरों का बिल लगातार बढ़ता जा रहा है। अविभाजित जिले में सरकारी विभागों का 328 करोड़ का बिजली बिल बकाया है। जांजगीर-चांपा जिले में 227 करोड़ एवं सक्ती जिले में 101 करोड़ का बिजली बिल बकाया है। विद्युत मंडल को सरकारी विभागों से बकाया बिल की वसूली करने में पसीना छूट रहा है। निजी उपभोक्ताओं का बिल बकाया होने पर विद्युत मंडल द्वारा समय-समय पर अभियन चलाकर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाती है वहीं सरकारी विभागों पर इस तरह की कार्रवाई नहीं होने से बिल जमा करने में कोताही बरती जा रही है।

### चल रहा कार्य

अविभाजित जिले में 6 हजार 362 संस्थानों में प्रीपेड मीटर लगाने का टारगेट रखा गया है। 4990 से अधिक संस्थानों में कार्य पूरा कर लिया गया है वहीं बढ़ती गर्मी को देखते हुए बिजली समस्या से निपटने ट्रांसफार्मर की व्यवस्था भी बनाई गई है।

-अमर चौधरी,
अधीक्षण यंत्री
विद्युत मंडल कार्यालय जांजगीर

# सूरज की तपन के साथ गर्म हवाओं ने बढ़ाया हीट स्ट्रोक का खतरा

## पारा 43 डिग्री के पार, घरों से निकलना हुआ दूभर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बैसाख की गर्मी ने सभी को हलाकान कर दिया है। सुबह से सूरज के तेवर सख्त हो रहे है। दिनभर तपिश के साथ ही गर्म हवाएं भी चल रही है। रात तक चलने वाली गर्म हवाओं के कारण लोगों को न तो दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात में आराम है। इधर शहर का तापमान 43 डिग्री को पार कर गया है।

गर्मी अब अपने पूरे शबाब पर आ चुकी है। सुबह 9 बजे के बाद सूरज आग उगलने लगती है। गर्म हवाएं व लू के थोड़ों ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है। रात में भी वातावरण गर्म रहता है जिसके कारण लोगों को रात में भी आराम नहीं मिल पा रहा है। तेज गर्मी के चलते सुबह 9 बजे के बाद लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है, जिससे लोग घरों में दुबके रहना ही ज्यादा पसंद कर रहे हैं। पंखे व कूलर से भी पर्याप्त राहत नहीं मिल रही है। वैसे तो गर्मी इस बार मार्च माह से शुरु हो गई थी लेकिन अप्रैल माह से सूरज ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। शहर का तापमान पिछले तीन दिनों से 43 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है। स्थिति यह है कि दोपहर होते ही सड़क सुनसान होने लगे हैं। गांव की गलियां भी वीरान रहती है। तेज गर्मी के कारण आवश्यक कार्य होने पर ही लोग सिर पर कपड़ा व आंखों में चश्मा पहनकर घरों से बाहर निकलते हैं। तेज गर्मी ने शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ा दी है। इसके चलते नींबू, आम, गन्नारस, कोलड्रिंक्स की मांग बढ़ गई है। इधर गर्मी के चलते लू लगने का खतरा बढ़ गया है। लगातार धूप और गर्मी में रहने वालों को हीट स्ट्रोक का शिकार होना पड़ सकता है। यही वजह है कि लोग सावधानी बरत रहे है। दोपहर में लोग घरों में ही रहना पसंद कर रहे है। जरुरी काम से बाहर निकलने पर टोपी, गमछा, चश्मा जैसे सुरक्षा के उपाय अपनाएं जा रहे है। गर्मी का असर बाजार में भी पड़ रहा है। लोग दोपहर से पूर्व या शाम को ही खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं।



लू से बचने स्कार्फ बांधकर निकली युवतियां।

### लू से बचाव के लिए आमजन से सतर्क रहने की अपील

स्वास्थ्य विभाग ने ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ बढ़ते तापमान को देखते हुए हीट स्ट्रोक (लू) से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां जारी की हैं। सीएमएचओ ने बताया कि हीट स्ट्रोक एक गंभीर स्थिति है, जिसमें शरीर का तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है और समय पर उपचार न मिलने पर यह जानलेवा भी हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की है कि वे दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें तथा अधिक से अधिक पानी, नींबू पानी, छाछ और ओआरएस जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें। हल्के रंग के ढीले एवं सूती कपड़े पहनने, बाहर निकलते समय सिर को टोपी, गमछा या छाता से ढकने तथा खाली पेट घर से बाहर न जाने की सलाह दी गई है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं का ध्यान रखने, वाहन में बच्चों या पालतू जानवरों को अकेला न छोड़ने की भी हिदायत दी गई है। हीट स्ट्रोक के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार (40 डिग्री सेल्सियस से अधिक), सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी, घबराहट, त्वचा का लाल व सूखा होना तथा बेहोशी शामिल हैं।

## प्रकाश इण्डस्ट्रीज को फर्नेश पंक्चर मामले में नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड को फर्नेश पंक्चर के मामले में नोटिस जारी किया गया है। सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने कारखाना प्रबंधन को शो काज नोटिस जारी कर घटना के संबंध में जवाब मांगा है।

कोटाडबरी में संचालित प्रकाश इण्डेस्ट्रीज में 24 अप्रैल को इंडक्शन फर्नेश की निचले भाग से पिघला गर्म तरल धातु रिसाव होने की घटना घटित हुई थी। कारखाने में स्थापित फर्नेश (क्षमता 15 टन) में रॉ मटेरियल चार्जिंग करमेल्टिंग की जा रही थी। जिसमें 1 मेल्टर, 2 बारीमैन, 1 फस्ट हैण्ड व 2 हेल्पर के रूप में 6 कर्मकार कार्यरत थे। लगभग 2.30 बजे इंडक्शन फर्नेश की कॉईल पंक्चर हो जाने से कॉईल से पानी लीक होकर हॉट मोल्टन मेटल के संपर्क में आ गया तथा फर्नेश की रिफरैक्टरी लाईनिंग में छेद हो जाने से पिघला गर्म मेटल छेद से बाहर आ गया। जिसके बाद सुरक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाते हये मेल्टर द्वारा फर्नेश के इलेक्ट्रीकल पैनल सेफर्नेश की पॉवर सप्लाई बंद किया गया। फर्नेश में बचे मॉल्टन मेटल को ठण्डा किया गया। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि किसी भी श्रमिक को कोई चोट नहीं आई। घटना से वहां कार्यरत श्रमिकों को चोट लग सकती थी, जिसको देखते हुये तत्काल घटना की जांच सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जांजगीर द्वारा की गई। घटना के संबंध में पाये गये कमियों को ठीक करने, श्रमिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने तक कारखानें के फर्नेश क्रमांक -1 को प्रतिबंधित किया गया है। कारखाने के अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक को कारखाना अधिनियम अंतर्गत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने नोटिस जारी कर प्लांट प्रबंधन से जवाब मांगा है।

## मार्कशीट में हुई त्रूटि सुधार के लिए भटक रहे छात्र

**जैजैपुर।** सक्ती जिले के दो छात्र अपनी अंकसूची (मार्कशीट) में सुधार करवाने के लिए पिछले कई महीनों से रायपुर के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों की उदासीनता के कारण अब तक सुधार नहीं हो पाया है। परेशान छात्रों ने 10 दिनों के भीतर मांग पूरी न होने पर शिक्षा मंडल के सामने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। पीड़ित छात्रों ने बताया कि वे लंबे समय से अपनी त्रुटिपूर्ण अंकसूचियों को सुधारने के लिए आवेदन दे चुके हैं, लेकिन फाइलें दफ्तरों की धूल फांक रही हैं। छात्र अनिल कुमार चंद्रा पिता- योगेश कुमार चंद्रा कक्षा 10वीं और 12वीं की मार्कशीट सुधार हेतु 15 मार्च 2023 को आवेदन जमा किया था। दो साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सुधार नहीं हो पाया है। इसी प्रकार छात्रा उमा साहू पिता- रोहित साहू भी कक्षा 10वीं एवं 12वीं के साथ-साथ डी.एल.एड. की मार्कशीट सुधार के लिए 7 नवंबर 2022 को आवेदन जमा किया था। लगभग तीन साल बीत जाने के बावजूद इन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहा है। दोनों छात्रों का कहना है कि मार्कशीट में त्रुटि होने के कारण उन्हें आगे की पढ़ाई और सरकारी फॉर्म भरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार सक्ती से रायपुर स्थित मुख्य कार्यालय की दौड़ लगाने के बावजूद अधिकारी केवल प्रक्रिया चलने की बात कह रहे है। पीड़ित छात्रों का कहना है कि नियमानुसार सभी दस्तावेज और आवेदन बहुत पहले जमा कर दिए थे। बार-बार रायपुर जाने के बाद भी अंक सूची में सुधार नहीं हुआ है। ऐसे में वे अब शिक्षा मंडल कार्यालय के सामने धरने पर बैठने का मन बना रहे है।

## मल्दा में दबिश देकर 6 सौ किलो महुआ लहान किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती -बिर्रा

मल्दा में आबकारी विभाग की टीम ने दबिश देकर 240 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। वहीं 600 किलो महुआ लाहन को नष्ट किया गया है। टीम ने अवैध शराब का कारोबार करने वाले चार आरोपियों की गिरफ्तारी की है।

हसौद क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार पर लगाम कसने आबकारी विभाग द्वारा इन दिनों लगातार जांच व कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में

- **240 लीटर शराब के साथ चार आरोपी गिरफ्तार**

आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर 26 अप्रैल की तड़के सुबह लगभग 4 बजे हसौद थाना क्षेत्र के मल्दा में दबिश देकर अलग-अलग ठिकानों में छापेमारी कर कुल 240 लीटर महुआ शराब बरामद कर जब्त किया। वहीं छापेमारी के दौरान मिले 600 किलो महुआ लाहन का सैंपल लेने के बाद महुआ लाहन को नष्ट किया गया है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक संयुक्त टीम ने मल्दा के वार्ड क्र. 5 में छापेमारी करते हुए टीम ने दिलचंद खूंटे पिता मोहर साय के कब्जे से 13 प्लास्टिक पन्नियों में भरी 65 लीटर महुआ शराब बरामद की। वहीं गोविंद खूंटे पिता मोहर साय के यहां चल रही चार चढ़ी भट्ठियों से 55 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। इन दोनों के पास से 600 किलो महुआ लाहन भी बरामद हुआ, जिसका सैंपल लेकर लाहन को नष्ट किया गया। इसी तरह परदेसी भारद्वाज पिता धनउ के पास से 14 प्लास्टिक पन्नियों में भरी 70 लीटर महुआ शराब जब्त की गई, इसके साथ ही धर्मराज के यहां चार भट्ठियों से तैयार हो रही 50 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। इस प्रकार आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर कुल 240 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की। आबकारी विभाग ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल एवं आबकारी उपनिरीक्षक घनश्याम प्रधान के नेतृत्व में आबकारी मुख्य आरक्षक रघुनाथ पैकरा, नगर सैनिक भीम साहू, परसराम कहरा, कमलेश एवं बसंती चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।




जब्त किए गए शराब व गिरफ्तार आरोपी।

## जिले के 33 सेंटर में हुआ एग्जाम, 6691 हुए शामिल

# मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा से नदारद रहे 3120 अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर 33 केन्द्र बनाए गए थे। इस परीक्षा मे शामिल होने के लिए 9 हजार 811 अभ्यर्थियो ने अपना आवेदन आनलाइन के माध्यम से जमा किया था। परीक्षा में 6 हजार 691 युवा शामिल हुए वहीं 3 हजार 120 अभ्यर्थी इस परीक्षा से नदारद रहे।

गौरतलब है कि छतीसगढ व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा रविवार 26 अप्रैल को जांजगीर चाम्पा जिले के 33 केन्द्रों में मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर एग्जाम का आयोजन किया गया। इस परीक्षा मे शामिल होने के लिए 9 हजार 811 अभ्यर्थियो ने आनलाइन आवेदन जमा किया था। परीक्षा में 6 हजार 691 अभ्यर्थी शामिल हुए। वहीं 3 हजार 120 युवा परीक्षा से नदारद रहे। आंकडा देखे तो टीसीएल महाविद्यालय में 250 उपस्थित एवं 110 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार कन्या महाविघालय में 257 उपस्थित एवं 103 अनुपस्थित, कन्या हाईस्कूल जांजगीर में 199 उपस्थित एवं 101 अनुपस्थित, डाइट प्रशिक्षण संस्थान 213 उपस्थित एवं 87 अनुपस्थित रहे। इसी तरह आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल क्रमांक 1 में 206 उपस्थित एवं 94 उपस्थित, आत्मानंद हिन्दी माध्यम क्रमांक 2 मे 128 उपस्थित एवं 52 लोग परीक्षा से नदारद रहे। कन्या हायर सेकेन्ड्री स्कूल खोखरा में आयोजित परीक्षा मे 206 उपस्थित एवं 94 लोग अनुपस्थित रहे। कृषि महाविघालय जांजगीर मे 243उपस्थित वही 117 युवा परीक्षा से अनुपस्थित रहे। शासकीय हायरसेकेन्ड्री स्कूल बनारी मे आयोजित इस परीक्षा में 200 उपस्थित एवं100 अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल सुकली में 163 उपस्थित एवं 77 अनुपस्थित रहे। हायर सेकेन्ड्री स्कूल धुरकोट में 244 उपस्थित एवं 116 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम चाम्पा में 175 उपस्थित एवं 65 अनुपस्थित रहे। हायरसेकेन्ड्री स्कूल भोजपुर में 158 उपस्थित एवं 82 अनुपस्थित रहे। शासकीय उ मा वि चा बरपाली चाम्पा में 208 उपस्थित एवं 92 अनुपस्थित रहे। हायरसेकेन्ड्री स्कूल सिवनी चाम्पा में 172 उपस्थित एवं 99 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार चाम्पा सहित अन्य जगहों के कुल 33 केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित किया गया। इस परीक्षा में 6 हजार 691 परीक्षा मे शामिल हुए वहीं 3 हजार 120 युवा परीक्षा से नदारद रहे। परीक्षा के बाद शहर सहित अन्य जगहों पर युवाओं की भारी भीड़ देखी गई। परीक्षा को लेकर पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी।



परीक्षा देकर केन्द्र से बाहर निकलते अभ्यर्थी।

## छाता जंगल में करंट से मौत के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा थाना क्षेत्र के छाता जंगल में जंगली सूअर मारने के लिए लगाए जा रहे बिजली करंट से युवक की मौत के मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 19 फरवरी की रात्रि करीब 8 बजे ग्राम लेवई के विरेन्द्र बंजारे उर्फ भोलू , रामसिह, अक्षय बंजारे, मुकेश खूटे, अनिल लहरे पांचो छाता जंगल खिसोरा के पास मे घुम रहे थे और जंगली जानवरो के शिकार के लिये खुली जी.आई तार को सभी मिलकर जंगल मे फैलाये थे। तार को फैलाने के बाद करेंट प्रवाहित करने के लिये अनिल लहरे खंभा में चढ़ा और लकड़ी के डण्डा के सहारे 11 के.व्ही.के खंभा के तार जोड़ रहा था अचानक करेंट लगने से अनिल लहरे नीचे गिर गया तब आरोपियों ने अनिल लहरे के भाई को घटना के सम्बध में जानकारी दी। वहीं उसे उपचर के लिए शासकीय अस्पताल बलौदा लेकर आये जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत अनिल लहरे का मृत घोषित कर दिया। मामले में बलौदा पुलिस ने अपराध कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस ने विरेन्द्र कुमार बंजारे उम्र 30 वर्ष निवासी लेवई, रामसिंह उर्फ नानदाउ उम्र 55 वर्ष निवासी लेवई, अक्षय बंजारे उम्र 31 वर्ष निवासी लेवई, मुकेशखुटे उम्र 36 साल निवासी कुरमा को धारा 106 (1), 3(5) बीएनएस एवं 135 विद्युत अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



## खबर संक्षेप

### कृषि विकास अधिकारियों को कृषि पोर्टल के संबंध में दी गई जानकारी



**जांजगीर-चांपा।** कृषि उत्पादन एवं तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में बीज उत्पादक संस्था प्रबंधक एवं कृषि विकास अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सभी को पोर्टल के संबंध में बारीकी से जानकारी दी गई। आगामी खरीफ में उच्च गुणवत्तायुक्त बीजों को समय पर सेवा सहकारी समितियों, कृषि विभाग के मैदानी अमलो, एफपीओ एव निजी बीज उत्पादक संस्थाओं के द्वारा किसानों के लिए भंडारण, विक्रय एव विक्रय किए जा रहे किसानों का संस्थावार कृषकवार विवरण साथी पोर्टल में इन्द्राज किए जाने हेतु 25 अप्रैल को जिला पंचायत सभागार जांजगीर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक सी पी मिश्रा (बीज प्रबंधक) द्वारा सभी समिति प्रबंधकों, बीज उत्पादक एफपीओ, निजी बीज उत्पादक संस्था प्रबंधकों एव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को पोर्टल के संबंध में बारीकी से जानकारी दी गई। उन्हें ऑनबोर्ड कराया गया एव उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपसंचालक कृषि राकेश शर्मा, श्रीमती नम्रता उपाध्याय उपप्रबंधक बीज निगम खोखसा, जिले के सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, सभी सेवा सहकारी समितियो के प्रबंधक, एफपीओ के सदस्यगण, निजी बीज उत्पादक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले उपस्थित रहे।

### भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने केंद्रीय वेतन आयोग को भेजा पेंशनरों के हित में सुधार संबंधी सुझाव



**चांपा।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा जांजगीर चांपा के पदाधिकारियों,आजीवन सदस्यों की गत दिनों बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के जिला संरक्षक डॉ जी पी दुबे ने लिया। बैठक में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला शाखा के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार, प्रदेश सचिव अवध राम घृत लहरे,प्रदेश संगठन मंत्री अरुण कुमार तिवारी जी ने मार्गदर्शन दिया। इस बैठक में विशेष रूप से आठवां केन्द्रीय वेतनमान अंतर्गत पेंशनरों एवम परिवार पेंशनरों के हित में सुधार सम्बन्धी सुझाव तैयार किया गया। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के समस्त पदाधिकारियों,सदस्यों की सहमति से कुल दस बिंदुओं पर सुधार सम्बन्धी सुझाव तैयार कर अध्यक्ष आठवां केंद्रीय वेतन आयोग नई दिल्ली को भेजने हेतु जिला शाखा जांजगीर चांपा के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार को अधिकृत किया गया। पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों के हित में सुधार सम्बन्धी सुझाव निम्नानुसार है। वर्तमान महंगाई और जीवन यापन की लागत को देखते हुए न्यूनतम पेंशन कम से कम 20000 रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया जाए, जब महंगाई राहत 50 प्रतिशत से अधिक हो जाए तो उसे मूल पेंशन में स्वतः विलय किया जाए। एक ही पद से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन में असमानता समाप्त किया जावे। समान सेवा के लिए समान पेंशन का सिद्धांत लागू किया जाए। सभी पेंशनरों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जावे और देश के सभी मान्यता प्राप्त अस्पतालों में इलाज की सुविधा दी जावे। पारिवारिक पेंशन को मूल पेंशन का कम से कम प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। बढ़ती उम्र में चिकित्सा और जीवन यापन खर्च बढ़ने के कारण 65 वर्ष में 5 प्रतिशत, 70 वर्ष में 10 प्रतिशत, 75 वर्ष में 15 प्रतिशत, 80 वर्ष में 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन दिया जावे। हर वेतन आयोग के बाद पेंशन संशोधन स्वातः लागू हो। सभी पेंशनरों के लिए डिजिटल और सरल पेंशन प्रणाली विकसित किया जावे। महंगाई बढ़ने की स्थिति में पेंशन का समय समय पर पुनरीक्षण किया जावे एवं पेंशनरों के लिए सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने हेतु विशेष नीतियां बनाई जाए।

## निधन

### फुलसाय खूंटे

**बेल्हाडीह-लवसरा।** ग्राम पंचायत बेल्हाडीह के



प्रतिष्ठित नागरिक फुलसाय खूंटे का 56 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे अपने पीछे पत्नी के अलावा भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं।

### तिरिथराम कश्यप

**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह के प्रतिष्ठित नागरिक



तिरिथराम कश्यप का शनिवार 25 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतयेष्ठी में अंचल के स्व जातीय बंधुओ के अलावा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

जल संरक्षण से लेकर पीएम आवास तक के लिए तय की टाइमलाइन

# धीमी प्रगति वाले सचिवों एवं रोजगार सहायकों को कलेक्टर ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जनपद पंचायत नवागढ़ एवं बम्हनीडीह के पंचायतों के कामकाज की कलेक्टर ने समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बम्हनीडीह की समीक्षा बैठक ली। वहीं जनपद पंचायत नवागढ़ में बैठक लेकर नवागढ़ ब्लॉक के विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं अन्यथा संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधूरे आवास कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए धीमी प्रगति वाले सचिवों, रोजगार सहायकों को कलेक्टर ने जमकर फटकार लगाई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गोकुल रावटे, संबंधित जनपदों के सीईओ, तहसीलदार एवं पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं संबधित कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), महात्मा गांधी नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जल संरक्षण एवं नवा तरिया निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की । कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास के लंबित और अप्रारंभ



बैठक में चर्चा करते कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे।

कार्यों पर नाराजगी जताते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवास संबंधी शिकायत पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ सीधे कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सभी अधिकारी-कर्मचारी की जवाबदेही तय है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रारंभ कर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए। गांवों के समग्र और संतुलित विकास के लिए 5 वर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि यह योजना पूरी तरह जमीनी आवश्यकताओं पर आधारित हो । इसमें पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, सड़क और सिंचाई जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राम सभाओं की भागीदारी से वास्तविक जरूरतों का आकलन कर व्यावहारिक लक्ष्य निर्धारित किए जाएंगे। जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत सोखता गड्ढे, डबरी एवं तालाब निर्माण कार्यों को मानसून पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही “नवा तरिया” निर्माण कार्यों को तेजी से प्रारंभ कर अधिक से अधिक रोजगार सृजन सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने अवैध रेत खनन एवं परिवहन पर सख्ती बरतने के निर्देश देते हुए निगरानी तंत्र को सक्रिय करने कहा।

# समाज को सनातन संस्कृति से जोड़ते हैं धार्मिक आयोजन : कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

धार्मिक आयोजन समाज को सनातन संस्कृति से जोड़ने के साथ सामाजिक समरसता का भाव स्थापित करती है इसलिए हमें अपने धर्म को और अपने समाज को कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

**खास बात**

- ग्राम कटघरी में श्री राधा कृष्ण मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित

उक्त बातें ग्राम कटघरी अकलतरा में आयोजित श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य अतिथि के आसंदी से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने कही। उन्होंने कहा कि सज्जनों की रक्षा दुष्ट प्रवृत्तियों के विनाश और धर्म संस्कारों की स्थापना के लिए ईश्वर हर युग में अवतरित होते हैं। उन्होंने भगवान राधाकृष्ण के जीवन प्रसंग को प्रेरणादाई बताते हुए कहा कि उनका जीवन धर्म प्रेम कर्तव्य और सेवा का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा एक शुरुआत है इसके बाद समाज की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है हमें श्रद्धा और सेवा भाव से भगवान की आराधना करना चाहिए। ऐसे धार्मिक



अतिथि को शाल, श्रीफल, पुष्प माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानितकरते समाज के लोग।

आयोजन समाज को जोड़ने का काम करता है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का एक बहुत महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती धनमती यादव ने सामाजिक संस्कृति पर जोर देते हुए नशा मुक्ति शिक्षा युक्त तथा नारी शक्ति को बढ़ावा देने की बात कही। सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने ग्राम कटघरी में यादव समाज के मुक्तिधाम मे सेड निर्माण बाउंड्री वॉल , पानी एवं वृक्षारोपण की मांग की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का शाल श्रीफल पुष्प माला एवं स्मृति चिन्ह के द्वारा सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संदीप यादव, रामनारायण यादव, जवाहर यादव, रमेश यादव संतोष यादव, धर्मेंद्र यादव धनिया राज नत्थू लाल यादव, अनूप यादव रमाकांत यादव, जीवन यादव, राजेंद्र यादव, श्रीमती हीराबाई यादव, सनी यादव पुष्पा यादव, सहित ग्राम के सरपंच फूलों नायक, ओम प्रकाश यादव कृष्ण कुमार यादव गीता राम यादव गोवर्धन यादव राधेश्याम यादव जगन्नाथ यादव, परमेश्वर यादव, परतु यादव, पुरुषोत्तम यादव, रविंद्र यादव, काशीराम यादव, सुखचरण यादव, नारायण प्रसाद यादव, प्रदीप यादव, गणेश यादव शाहिद यादव समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जल संचय व भू जल स्तर बढ़ाने कृषि व पशु सखियों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

मनरेगा के तहत चलाये जाने वाला मोर गाँव, मोर पानी अभियान ग्रामीण जल संरक्षण और आजीविका बढ़ाने की एक बहुत प्रभावी पहल है। इसके अंतर्गत नवा तरिया, आय का जरिया का मतलब

- ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आचार, पापड़,मसाला उद्योग प्रशिक्षण आयोजित।

है। नये तालाब अर्थात तरिया बनाकर पानी का संचयन करना और उससे आय के नये साधन तैयार करने की तकनीक जिले के बलौदा और बम्हनीडीह ब्लॉक के बिहान के 35 क्रृषि सखी और पशु सखियों को संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव ने बताया कि यह अभियान मनरेगा के तहत चलाया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गांव में पानी रोकना और बचाना, भूजल



जानकारी देते मास्टर ट्रैनर।

स्तर बढ़ाना, खेती तथा पशुपालन को मजबूत करना, और रोजगार के अवसर प्राप्त करना है। वहीं नवा तरिया, आय का जरिया का मतलब नये तालाब बनाना, पुराने तालाब का गहरीकरण, खेत तालाब निर्माण और जल संरचनाओं का सुधार करना है। प्रशिक्षण में उन्होंने बताया कि किसान इस तालाब से मछली पालन, सब्जी खेती, पशुपालन, अंजोला, चारा उत्पादन, बतख पालन का कारोबार करके क्रृषि क्षेत्र अच्छा आय अर्जित कर सकते हैं। वहीं इस कारोबार में बिहान की क्रृषि सखी और पशु सखी की भूमिका तथा लाभ को लेकर बताया कि खेती के लिए सालभर पानी उपलब्ध, खेती की लागत कम, आय के कई स्त्रोत, रोजगार के सृजन और पर्यावरण संरक्षण के बारे जानकारी दिया जा रहा है। वहीं खाद्य प्रसंस्करण आचार, पापड़ व मसाला उद्योग को लेकर प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, मछली पालन, पशुपालन, प्राकृतिक खेती, बकरी पालन, मुर्गी पालन, डिटर्जेन्ट पावडर, साबुन, फिनाइल, अगरबत्ती, शेम्पू, टॉयलेट क्लीनर बनाने आदि विभिन्न आजीविका गतिविधियों की जानकारी दी जा रहीं है। इसके साथ ही फेकेल्टी अरुण पाण्डेय और उत्तम राठौर व गणेश राम कोसरिया के द्वारा बैंकिंग प्रणाली तथा वित्तीय साक्षारता के बारे में प्रोजेक्टर और विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों के माध्यम से जानकारी दी जा रहीं है। प्रशिक्षण में भारती देवी साहू, रेशम साहू मड़वा, ममता केवट, हर्षा तिवारी देवरहा, सुरुचि बंजारे कुरदा, ज्योति साहू बिर्रा, कांति बाई यादव, अनिता बाई खूंटे खिसोरा,कांता पटेल बरकुट, लीला डड़सेना करनोद, पुष्पा साहू देवरानी, तिरंका केवट गतवा, सीमा केवट चोरहादेवरी, लक्ष्मीन मांझी, हेमलता मांझी बसंतपुर, माधुरी साहू, ज्योति यादव, कुलीपोटा, पूर्णिमा यादव हेड़सपुर, सरस्वती केवट, चंद्रकली केवट देवरी, अनिता यादव नवागाव, मंजू कमल सत्तीगुड़ी, प्रीति देवी मिरी, ज्योति बघेल बक्सरा, श्याम बाई बरेठ, रामतला अनंत महुदा च,अंजनी यादव, परमेश्वरी यादव केराकछार,विजय लक्ष्मी खुटे तालदेवरी, नंदनी राठौर देवरी सारागांव आदि शामिल हैं।

# महामाया आध्यात्म परिषद ने मनाई सीता नवमीं

**खरौद।** छत्तीसगढ़ की काशी एवं माता शबरी के धाम खरौद में अध्यात्म परिषद द्वारा जनक नंदिनी माता सीता के प्राकट्य दिवस वैशाख शुक्ल नवमी 25 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ प्रथम बार मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां महामाया मंदिर में राम दरबार के तेल चित्र पर माता सीता के विशेष रूप से पूजा अर्चना एवं स्तुति की गई। माझापारा के महिला मंडली द्वारा राम जानकी से संबंधित सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया। भजन के बीच में अध्यात्म परिषद के वरिष्ठ सदस्य धनसाय यादव ने मां जानकी के प्राकट्य के संबंध में प्रकाश डाला एवं एवं नवमी तिथि यों के महत्व के बारे में बताया। अध्यात्म परिषद के हेमलाल यादव ने कहा कि हम उस भूमि पर माता- के प्राकट्य उत्सव मना रहे हैं जहां माता शबरी की विश्व में एकमात्र मंदिर है एवं माता शबरी ने ही राम को सीता अन्वेषण का मार्ग सुझाया था। अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष शिवरात्रि यादव ने इस उत्सव में शामिल होने वालों को परम सौभाग्यशाली बताया क्यों कि भारत में सीता नवमी का उत्सव बहुत ही कम स्थान में मनाया जाता है आज हम खरौद वासीभी उसीसमूह में जुड़ रहे हैं । उन्होंने संतों के कथनानुसार सीता के जन्म स्थान को बिहार के सीतामढ़ी के आसपास होना भी बताया। उन्होंने कहा कि संयोग की बात है कि कृष्ण जन्माष्टमी भादो कृष्ण अष्टमी एवं राधा अष्टमी भादो शुक्ल अष्टमी को मनाया जाता है। इसी प्रकार चैत्र में रामनवमी एवं वैशाख शुक्ल नवमी को सीता नवमी मनाया जाता है। अंत में शिवरात्रि यादव ने आराध्य देवी देवताओं के प्रगट दिवस के दिन उनके नाम पर अध्यात्म परिषद एवं महिला मंडली द्वारा आगामी बरसात में वृक्षारोपण करने का संकल्प किया। कार्यक्रम का समापन प्रभु श्री रामचंद्र जी के सामूहिक स्तुति पाठ से हुआ। कार्यक्रम में पीतांबरी आदित्य,दुलौरिनआदित्य, रमाबाई आदित्य, श्याम बाई आदित्य, छठ बाई आदित्य, मंटोरा बाई आदित्य,भूरी बाई आदित्य, आरती आदित्य, प्रियंका आदित्य, सीताराम आदित्य ,सरहा बैगा आदि उपस्थित रहे।



# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर विकासखंड मालखरौदा अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में जनजागरूकता फैलाने हेतु विशेष गतिविधियां संचालित की गईं।

कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों ने आमजन को मलेरिया के लक्षण, रोकथाम एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही घर-घर जाकर लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में रैली, नारा लेखन, एवं जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता बनाए रखने एवं



पानी के जमाव को रोकने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मच्छरदानी के उपयोग, नियमित साफ-सफाई रखने, एवं बुखार आने पर तुरंत जांच कराने की सलाह दी गई। डॉ मृत्युंजय कुमार राठौर खंड चिकित्सा अधिकारी मालखरौदा के द्वारा यह संदेश दिया गया कि समय पर उपचार एवं सावधानी बरतकर मलेरिया जैसी बीमारी से बचा जा सकता है।

# जनगणना : पलायन पर गए मजदूरों को वापस बुलाने कर रहे मुनादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरारी

ग्राम पंचायत में जनगणना कार्य को लेकर प्रगणकों की आवश्यक तैयारी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का संचालन सुपरवाइजर

- किरारी ग्राम पंचायत में जनगणना प्रगणकों की तैयारी बैठक आयोजित

अनुभव तिवारी द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने ग्राम भ्रमण करते हुए प्रगणकों को विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही किरारी ग्राम में आबंटित मकान नंबरों की जानकारी लेकर प्रारंभिक बैठक भी आयोजित



बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि व कर्मचारी।

की गई। बैठक में ग्राम पंचायत के सरपंच अशोक कश्यप ने जनगणना कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि जो ग्रामीण पलायन या अन्य कारणों से बाहर गए हैं, उन्हें मुनादी के माध्यम से वापस ग्राम में बुलाने की व्यवस्था बनाइ गई है। ग्राम मे तीन से चार बार मुनादी करा दी गइ है ताकी पलायन करने वाले अपने घर वापस आकर जनगणना कार्य मे अपनी जानकारी दर्ज करा सके। सुपरवाइजर अनुभव तिवारी ने सभी प्रगणकों को जनगणना बुकलेट का गहन अध्ययन करने, नजरी नक्शा बनाने की विधि समझाई तथा ग्राम के प्रमुख स्थलों को प्राथमिकता के आधार पर नक्शे में दर्शाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रगणक दीपक भानू ने भी जनगणना से संबंधित आवश्यक जानकारी साझा की। इस अवसर पर कमल कश्यप, अशोक कश्यप, भूपेन्द्र सिंह कंवर यादव, बसंत मरकाम कुंभकार सर संतोष साहू शांति लाल शुक्ला सचिव किरार) सहित पंचायत के पंच एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षण के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रही भाजपा : मनहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को आरक्षण देने की पक्षधर नहीं है वरन वह महिला आरक्षण विधेयक संसद में पारित

- कांग्रेस की पूर्व विधायक व महिला आरक्षण पर पार्टी की जिला प्रभारी की पत्रकार वार्ता

नहीं होने का ठीकरा विपक्ष पर फोड़कर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कथित महिला आरक्षण बिल संसद में पारित नही होने के बाद राष्ट्र के नाम जो संबोधन दिया था उसके विरूद्ध कांग्रेस विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाएगी।

उक्त बातें सारंगढ़ की पूर्व कांग्रेस विधायक तथा प्रदेश कांग्रेस से जांजगीर चांपा जिले के लिए नियुक्त महिला आरक्षण बिल की प्रभारी श्रीमती पदमा मनहर ने स्थानीय नवीन विश्राम गृह में




पत्रकारों से चर्चा करती पूर्व विधायक पदमा मनहर।

रविवार को दोपहर पत्रकारों के साथ एक चर्चा में कही। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी कभी भी महिला हितैषी नही रही है। जबकि इसके विपरीत कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को अधिकार और सम्मान दिया है। भाजपा ने मणिपुर में महिलाओं पर लगातार हो रहे अत्याचार पर भी मौन साधे रहा तो वही उनकी ही पार्टी की सासंद ब्रजभूषण शरण सिंह पर अनेक महिला पहलवानों ने शोषण और उत्पीड़न के आरोप लगाए। इसके बावजूद भाजपा ने कुछ नही किया। इस पार्टी के 43 से ज्यादा जनप्रतिनिधियों पर महिला उत्पीड़न के आरोप है तो ऐसी पार्टी किस मुंह से महिलाओं की पक्षधर होने का दावा कर रही है। इसके विपरीत कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को आगे लाने का प्रयास किया है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पंचायतों तथा नगरीय निकायो में महिलाओं को 33 प्रतिशत भागीदारी प्रदान की है। चर्चा के दौरान उपस्थित जिला महिला कांग्रेस की सचिव श्रीमती नम्रता नामदेव ने आरोप लगाया कि भाजपा महिलाओं को आरक्षण देने के बहाने उनका राजनीतिक लाभ लेना चाहती है जबकि कांग्रेस ने प्रारंभ से ही देश के हर सर्वोच्च पद पर महिलाओं को आसीन कर उन्हें आगे बढ़ने का प्रयास किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के अहम मुद्दों पर राष्ट्र को सम्बोधित करने की बजाए दलगत लाभ लेने के लिए राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे जो विशेषधिकार हनन का मामला बनता है। चर्चा के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, नगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती गीता केशव सोनी, राम बाई स्वर्णकार,अनिता प्रकाश,प्रेमलता श्रीवास, पूजा राठौर,कीर्ति दीवान,रीतू तिवारी तथा जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नागेंद्र गुप्ता, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील साधवानी व राज अग्रवाल भी मौजूद थे।

